बरेली | सोमवार | 16 सितंबर 2013

अमर उजाला

विद्यार्थियों ने समझा फोरेंसिक साइंस का महत्व

बरेली। श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालॉजी में इन्सपायर इंटरशिप के दूसरे दिन दिल्ली विश्वविद्यालय के रसायन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. जीएस सोंधी ने फोरेंसिक साइंस की उपयोगिता बताई। कहा कि, किसी भी व्यक्ति की पहचान का सबसे अच्छा तरीका उनके फिंगर प्रिंट होते हैं। उन्होंने आपराधिक मामलों को सुलझाने में वैज्ञानिक तरीकों के महत्व को भी बताया। इस मौके पर प्रो. संतोष कुमार यादव ने गणित, जीव विज्ञान, भौतिकी एवं रसायन विज्ञान का संदर्भ देते हुए शोध के विभिन्न क्षेत्रों उदाहरण स्वरूप पेट्रोलॉजी, मिनरोलॉजी, जियोलॉजी व जियो भौतिकी के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन अमर प्रताप सिंह ने किया।